# कम्प्यूटर विज्ञान एवं अनुप्रयोग
# DEPARTMENT OF COMPUTER SCIENCE & APPLICATIONS
## डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.)
**DOCTOR HARISINGH GOUR VISHWAVIDYALAYA, SAGAR (M.P.)**
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय A CENTRAL UNIVERSITY)

**प्रो. दिवाकर शुक्ला**
Prof. Diwakar Shukla
**विभागाध्यक्ष**
**Head**

ई–मेल : hoddcsa @dhsgsu.ac.in
दूरभाष क्र. : (07582) 265572


Ref No.: DCSA/2016/............ Dated: Nov., 03, 2016

## समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु सूचना

डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के कम्प्यूटर विज्ञान एवं अनुप्रयोग विभाग में बेव डिजाइन एवं अनुप्रयोग पर एक चार दिवसीय कार्यशाला के आयोजन का उद्घाटन दिनांक 03.11.2016 को संकायाध्यक्ष डॉ. आर. ए. सिंह द्वारा दीप प्रज्जलित कर किया गया। समारोह के अतिथि प्रोफेसर एम.एस.तिवारी, (डोफा) थे। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर दिवाकर शुक्ला ने अपने उद्बोधन में कहा कि वेब डिजाइन की आन्तरिक संरचना की तकनीक का अध्ययन वर्तमान की आवश्यकता है। आज के समय में व्यापार, प्रशासन, सूचनायें, संवाद शिक्षण आदि अनेक गतिविधियॉ वेब पर आधारित हो गयी हैं। व्यवसायिक वेब–साइटों के जरिये लोग बड़ी संख्या में आजकल सामान खरीद रहे हैं। विभिन्न पदों के आवेदन भी वेबसाइटों के जरिये हो रहे हैं। बड़ी संख्या में कालेजों, विश्वविद्यालयों ने अपनी सूचनायें वेबसाइटों पर डाल रखी हैं। कम्प्यूटर के विद्यार्थियों के लिये वेब डिजाइन तकनीक, वेब कोडिंग, वेब–सुरक्षा आदि की जानकारी आवश्यक है। इन्ही उद्देश्यों के लिये यह कार्यशाला आयोजित की गयी है। भविष्य में कम्प्यूटर विज्ञान के विद्यार्थी एक वेब–डेबलपर के रूप में अपना करियर चुन सकते हैं। कार्यशाला के अन्त में यह अपेक्षित है कि प्रत्येक विद्यार्थी एक वेब–साइट स्वयं की अवश्य बना लेगा।

संकायाध्यक्ष प्रोफेसर आर. ए. सिंह द्वारा वेब की उपयोगिता पर प्रकाश डाला गया तथा वेब–आधारित रेलवे आरक्षण प्रणाली से होने वाली सुविधाओं की ओर ध्यान आकर्षित किया गया। मुख्य अतिथि प्रोफेसर एम.एस. तिवारी (डोफा) ने इस वेब विजाइन पर होने वाली कार्यशाला को अत्यन्त उपयोगी बताया।

कार्यक्रम का संचालन सुश्री रितु मिश्रा ने किया। समारोह में डॉ. रंजीत रजक, श्री कमलकान्त, डॉ. उत्तम खेडलेकर, डॉ. पूनम गुप्ता, डॉ. आर. के पाण्डेय, डॉ. त्रिलोकी नाथ, डॉ. आर. के. पाठक, डॉ. उदय श्रीवास्तव, डॉ. मुकेश साहू, अब्दुल अलीम तथा कई शोध छात्र/छात्रायें एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

DShukla
3/11/16

(प्रो० दिवाकर शुक्ला)
विभागाध्यक्ष, कम्प्यूटर विज्ञान एवं अनुप्रयोग
डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर, (म.प्र.)

अध्यक्ष / HEAD
कम्प्यूटर विज्ञान एवं अनुप्रयोग वि...
...artment of Computer Science & Ap...
...हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, साग...
...ingh Gour Vishwavidyalaya...

प्रति ,

मीडिया अधिकारी
डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म०प्र०)

संलग्न : 4– फोटो


Workshop on
Web- Design and Applications
7, 2016
d Applications
alaya, Sagar M.P.
03.11.2016 12:58


Workshop on
Web- Design and Applications
From Nov . 3-7, 2016
Venue
Deptt. Of Computer Science And Applications
असतो मा सद्गमय
Computer Science & Applications
03.11.2016 13:01